Course of the Mythological River Saraswati

2363. SHRI DHULESHWAR MEENA; Will the Minister of HUMAN RESOURCE DEVELOPMENT be pleased to state:

(a) whether Government are aware of the fact that research expedition is being currently undertaken by some noted archaeologists, historians and researcher$_s$ to trace out the course of the river Saraswati mentioned in the Vedas which is expected to throw light on the protohistory of India and challenge effectively two well-established theories about ancient Indian history;

(b) whether any archaeologists from the Archaeological Survey of Imdia or history researchers have been associated with this research expedition;

(c) whether Government propose to render any assistance in the unique research; and

(d) if so, what are the details thereof?

THE MINISTER OF STATE IN THE DEPARTMENTS OF EDUCATION AND CULTURE (SHRIMATI SUSHILA ROHATGI):, (a) Government has seen some recent press reports regarding such an expedition sponsored by a private organisation.

(b) No, Sir.

(c) No request for assistance has been received.

(d) Does not arise.

All India Ports Service

2364. SHRIMATI MONIKA DAS: Will the Minister of TRANSPORT be pleased to state:

(a) whether Government propose to establish an All India Ports Service; and

(b) if so, what are the details in thig regard?

THE MINISTERi OF TRANSPORT (SHRI BANSI LAL), (a) No such proposal is under consideration at present.

(b) Does not arise.

Shipbuilding yard at Haldia

2365. SHRI SUKOMAL SEN:

SHRI NIRMAL CHATTERJEE:

Will the Minister of TRANSPORT be pleased to state;

(a) whether Government have decided to establish $_a$ shipbuilding and ship repairing complex at Haldia;

(b) if so, by when th$_e$ project is likely to start; and

(c) whether any foreign expert firm has shown interest in the said complex project?

THE MINISTER) OF TRANSPORT (SHRI BANSI LAL): (a) No, Sir.

(b) Does not arise.

(c) Yes, Sir. Few German firms have shown interest in the Project but formal proposals have not been received by Government.

जनसंख्या वृद्धि रोकने के लिए जादुई योजना

2366. श्री जगदम्बी प्रसाद यादव : क्या स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार का ध्यान जनसंख्या वृद्धि को रोकने के लिये एक जादुई योजना के संबंध में 22 अक्तूबर, 1985 के "जनसत्ता" के प्रथम पृष्ठ पर प्रकाशित समाचार की ओर दिलाया गया है;

(ख) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार ने इसका परीक्षण किया है अथवा क्या इसे बिना कि स ी

परीक्षण के ही सम्पूर्ण देश में लागू किया जायेगा और यदि हां, तो इस प्रयोजन के लिये कितना धन आवंटित किया गया है; और

(घ) इसको किस प्रकार लागू किया जायेगा ?

परिवार कल्याण विभाग में उपमंत्री (श्री कृष्णकुमार) : (क) से (घ), 22 अक्तूबर, 1985 के "जनसत्ता" में प्रकाशित समाचार में दी गयी योजनाओं में दो बच्चों के परिवार के सिद्धान्त को बढ़ावा देने के लिए प्रोत्साहन देने का सुझाव दिया गया है । सरकार ने इन सुझावों पर अभी कोई निर्णय नहीं लिया है ।

जबलपुर हवाई अड्डे की क्षतिग्रस्त हवाई पट्टी

2367. **श्री प्यारेलाल खंडेलवाल** : क्या **परिवहन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) 1985 में जबलपुर के डुमना हवाई अड्डे पर कुल कितनी हवाई दुर्घटनायें हुई;

(ख) क्या यह सच है कि सितम्बर, 1985 के महीने में हुई दुर्घटना हवाई पट्टी की खराबी के कारण हुई थी ;

(ग) जबलपुर हवाई अड्डे की मरम्मत कब हुई थी और हवाई पट्टी की मरम्मत पर कितना धन खर्च हुआ था तथा हवाई पट्टी के इतनी जल्दी खराब हो जाने के क्या कारण हैं; और

(घ) क्या जबलपुर में एक नया हवाई अड्डा बनाने का कोई प्रस्ताव है ?

नागर विमानन विभाग में राज्य मंत्री (श्री जगदीश टाईटलर) : (क) जबलपुर के डुमना हवाई अड्डे पर 1985 में आज तक कोई अधि-सूचनीय हवाई दुर्घटना नहीं हुई है ।

(ख) उपर्युक्त (क) को देखते हुए प्रश्न नहीं उठता ।

(ग) वर्ष 1973–74 में 17,30,337 रु० की लागत से जबलपुर के धावन पथ का पुन : सतह लेपन किया गया था । सामान्य टूटफूट के अलावा, जो 10 वर्ष के उपयोग के बाद होना स्वाभाविक हैं, धावन पथ को कोई नुकसान नहीं हुआ है ।

(घ) सरकार मामले की जांच कर रही हैं ।

मध्य प्रदेश में बाग गुफा में ड्रिलिंग-कार्य

2368. **श्री प्यारे लाल खंडेलवाल** : क्या **मानव संसाधन विकास** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) खनिज अन्वेषण निगम द्वारा मध्य प्रदेश के धार जिला में बाग गुफा में किये गये ड्रिलिंग कार्य की लागत कितनी है ;

(ख) गुफा की छत पर अब तक कितनी गहराई तक ड्रिलिंग कार्य किया जा चुका है तथा कितनी गहराई तक सीमेंट भरा जा चुका है ;

(ग) ड्रिलिंग कार्य के दौरान गुफा का कौनसा भाग ढह गया था ;

(घ) क्या यह सच है कि भारतीय भू-वैज्ञानिक सर्वेक्षण के अधिकारियों ने गुफा की छत पर किये जा रहे ड्रिलिंग कार्य पर अपनी असहमति प्रकट की थी ; और

(ङ) यदि हां, तो भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण ने किन कारणों से उनके सुझावों को नहीं माना ?

शिक्षा तथा संस्कृति विभागों में राज्य मंत्री (श्रीमती सुशीला रोहतगी) : खान अन्वेषण निगम द्वारा बाग गुफाओं में किये गये छेदन और पिलाई कार्य की लागत लगभग 14.19 लाख रुपए है ।

(ख) गुफाओं की छत पर चट्टान की मोटाई के आधार पर 1.5 मीटर से